**आकाशवाणी शिमला**
**18.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित।**
- **केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पैंशन भोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किश्त जारी करने को दी मंजूरी।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा—प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कर रही काम—भाजपा पर आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप।**
- **राज्य सरकार एक ज़िला तीन उत्पाद योजना के तहत कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करेगी प्रेरित।**
- **सोलन—सुबाथू सड़क मार्ग की खस्ताहालत के कारण लोग परेशान— सरकार से जल्द सुधार करवाने का आग्रह।**

## प्रधानमंत्री—संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढे आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त जारी करने की मंजूरी दे दी है। ये इस वर्ष पहली जनवरी से प्रभावी होगी और मूल वेतन या पैंशन के मौजूदा 58 प्रतिशत की दर से दो प्रतिशत अधिक है, ताकि मूल्य वृद्धि की भरपाई की जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इससे 50 लाख से अधिक केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों और 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को लाभ होगा।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना—चरण तीन को मार्च 2028 तक जारी रखने की भी मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि योजना का संशोधित परिव्यय 83 हजार 9 सौ 77 करोड़ रुपये होगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि हिमाचल सरकार ने कांग्रेस द्वारा चुनाव के समय जनता को दी गई गारंटियों को पूरा किया है। वे आज कोलकाता में कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार के बाद पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पूर्व भाजपा सरकार के समय डबल इंजन की सरकार थी लेकिन हिमाचल की जनता के साथ धोखा किया और आर्थिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में केंद्र सरकार ने हिमाचल की आरडीजी को बंद कर दिया है और विकास की सभी परियोजनाओं को रोकने की कोशिशें की जा रही हैं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकतंत्र की मजबूती के लिए पश्चिम बंगाल में कांग्रेस को समर्थन मिलना जरूरी है।

**सिकंदर कुमार**

राज्य सभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि मोदी सरकार द्वारा लाए गए ऐतिहासिक महिला आरक्षण विधेयक 2026 को विपक्ष के नाकारात्मक रवैये के कारण अपेक्षित समर्थन नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने के लिए प्रतिबद्ध दिखी जबकि विपक्ष ने साबित कर दिया कि उनके लिए राजनीति महिला सम्मान से बढ़कर है। सिकंदर कुमार ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने तकनीकी और प्रक्रियागत खामियों का बहाना बनाकर एक क्रांतिकारी बदलाव को रोक दिया है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस और सहयोगी दलों पर महिलाओं के प्रति नकारात्मक सोच रखने का आरोप लगाया है। उन्होंने संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण प्रदान करने वाले संवैंधानिक विधेयक का विरोध किए जाने को महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय बताया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रतिबद्ध रही है और इसी दिशा में महिला आरक्षण के लिए ऐतिहासिक संवैंधानिक संशोधन विधेयक लाया गया था। उन्होंने विश्वास जताया कि इस प्रकार के कदमों का जवाब देश की महिलाएं स्वयं लोकतांत्रिक तरीके से देंगी।

**राजेश धर्माणी**

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने आज नगारिक चिकित्सालय घुमारवीं में आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अत्याधुनिक मशीनरी व उपकरणों का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने नए वातानुकूलित एम्बुलेंस वाहन को भी हरी झंडी दिखाई। राजेश धर्माणी ने कहा कि इन नई सुविधाओं के जुड़ने से घुमारवीं अस्पताल में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

**हर्षवर्धन**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार उद्योग व उद्यमियों को आगे बढ़ाने का भरसक प्रयास कर रहीं है। सोलन में आज उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार कई योजनाओं के माध्यम से उद्यमियों को बढाने का प्रयास कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि सरकार एक जिला तीन उत्पाद के तहत कारीगरों को प्रोत्साहित कर आत्मनिर्भर बनायेगी। इसके तहत हर जिला के तीन उत्पादों को अंतराष्ट्रीय मेलो में पहचान दिलाई जायेगी ताकि स्वयं सहायता समूहों सहित सभी हस्तशिल्पी कारीगर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि उद्योगो का मतलब बड़ें उद्योग स्थापित करना हीं नहीं है बल्कि छोटे कारीगरों को बड़ा मंच प्रदान करना भी है।

**हर्षमहाजन**

राज्य सभा सांसद हर्षमहाजन ने पठानकोट–जोगिंदरनगर रेल सेवा को प्राथमिकता के आधार पर जल्द बहाल करने और पठानकोट रेलवे स्टेशन को ममून–कंटोनमेंट स्थानातरित करने के प्रस्ताव पर पुर्नविचार करने का केंद्र से आग्रह किया है। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखकर कहा है कि पिछले करीब 4 वर्षों से इस ऐतिहासिक रेल मार्ग पर सेवाएं बाधित हैं जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। हर्षमहाजन ने कहा कि इस रेल सेवा के बंद रहने से स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन कारोबार और दैनिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

**सड़क खस्ताहालत**

सोलन– सुबाथू सड़क मार्ग की खस्ताहालत के चलते स्थानीय लोगों सहित अन्य यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई वर्षों से इस सड़क पर बहुत ज्यादा गड्ढे पड़े हुए हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतें आ रही हैं। उल्लेखनीय है कि यह सड़क मार्ग सोलन सहित कसौली विधानसभा क्षेत्र को जोड़ता है वहीं अर्की विधानसभा क्षेत्र के लोगों का भी यह सोलन से मुख्य मार्ग है। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकार से जल्द इस खस्ताहाल सड़क की मुरम्मत कराने का आग्रह किया है।

**आवास योजना**

राज्य सरकार महिलाओं के कल्याण व सशक्तिकरण के लिए कई कदम उठा रही है। सरकार द्वारा मुख्यमंत्री विधवा, एकल, निराश्रित व दिव्यांग महिला आवास योजना के तहत महिलाओं को आवास निर्माण के लिए आर्थिक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। सिरमौर ज़िला के नाहन तहसील की सतीवाला पंचायत की परमिता को घर बनाने के लिए सरकार द्वारा 3 लाख रुपये की सहायता दी गई है। उन्होंने इसके लिए सरकार का आभार जताया है।

**धीमान**

बिलासपुर ज़िला में अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं पर पिछले तीन वर्षों में एक सौ 88 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने आज बिलासपुर में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये जानकारी दी।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित।**
- **केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और पैंशन भोगियों को महंगाई राहत की अतिरिक्त किश्त जारी करने को दी मंजूरी।**
- **मुख्यमंत्री ने कहा–प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कर रही काम–भाजपा पर आर्थिक स्थिति को नुकसान पहुंचाने का लगाया आरोप।**
- **राज्य सरकार एक ज़िला तीन उत्पाद योजना के तहत कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए करेगी प्रेरित।**
- **सोलन–सुबाथू सड़क मार्ग की खस्ताहालत के कारण लोग परेशान– सरकार से जल्द सुधार करवाने का आग्रह।**

_______________